

रुड़की के क्वाड्रा संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित संस्थान के पदाधिकारी व अन्य • साभार संस्थान

# क्वाड्रा संस्थान में मनाई गई चौधरी हरचंद सिंह की 123वीं जयंती

संवाद सहयोगी, रुड़की: नगर स्थित क्वाड्रा संस्थान में चौधरी हरचंद सिंह की 123वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन कर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए। इस दौरान अध्यापकों, चिकित्सकों व विद्यार्थियों ने उनके आदर्श मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया।

शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि चौधरी विजयपाल सिंह ने कहा कि चौधरी हरचंद सिंह समाज के प्रेरणास्रोत थे। उन्होंने हमेशा गरीबों व असहायों की बुलंद आवाज बनकर उनको हक व सम्मान दिलवाया। कहा कि वह हमेशा ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलवाने के लिए प्रयासरत रहे। कहा कि उन्हीं का सपना साकार करते हुए क्वाड्रा पिछले 13 सालों से शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहा है।

इस मौके पर संस्थान सचिव डा. रकम सिंह, नरेन्द्र सिंह, राजीव सिंह, संजय सैनी, रजनीकांत, सौरभ कुमार, मंयक, त्रिवेणी शास्त्री, आशीष, नेहा, प्रतिभा, दीपक कुमार, संजय कुमार, प्रीति गुप्ता, अतुल शर्मा, आशीष कुमार, रविंद्र सिंह, आकाश, वेदपाल आदि मौजूद रहे।